# कृषि विज्ञान केन्द्र,आबूसर, झुन्झुनू
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर)

दिनांकः 26.08.2025

क्रमांकः– केविके / जेजेएन / 2025–26 / 156

### ई–निविदा सूचना संख्या 02 / 2025–26

कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर-,झुंझुनू पर वर्ष 2025–26 के लिए विभिन्न कृषि व अन्य कार्यों के लिए श्रमिकों की आपूर्ति हेतु निविदा पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी /ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेंन्ट प्रक्रिया से द्विभागीय ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा NIB /UBN No. | NIB code : SKA2526A0038<br>UBN is: SKA2526SLOB00072 |
| निविदा की अनुमानित कुल लागत | रूपये 12.00 लाख |
| निविदा आवेदन /डाउनलोड करने की तारीख | 26.08.2025 से 04.09.2025 सांय 4.00 बजे तक |
| निविदा आवेदन/ आन लाइन जमा करवाने की अन्तिम तारीख | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग शुल्क/एवं धरोहर राशी का बैक डी. डी. /बैंकर्स चैक द्वारा कार्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तारीख | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| आन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 05.09.2025 अपरान्ह 11.00 बजे |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट http://raubikaner.org, http://eproc.rajasthan.gov.inएंव www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

# कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर, झुन्झुनू
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर)

क्रमांकः– केविके / जेजेएन / 2025–26 / 156 दिनांकः–26..08.2025

**विषयः – ई–निविदा सूचना संख्या 02 / 2025–26 के अन्तर्गत विभिन्न कृषि व अन्य कार्यों के लिए श्रमिकों की आपूर्ति हेतु निविदा ।**

कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर, झुन्झुनू पर विभिन्न कृषि व अन्य कार्यो के लिये पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी /फर्म/कम्पनी से निर्धारित प्रपत्र में ई टेन्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**वर्ष 2025–26 में विभिन्न कृषि कार्यों, ट्रेक्टर चलाने का कार्य, बागवानी कार्यो व अन्य कार्यो तथा कुशल एवं अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति हेतु निविदायेः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा फार्म की दर व प्रकृति | रूपये 500.00 डी.डी. अथवा बैंकर्स चैक |
| 2. | निविदा संदर्भ | विभिन्न कृषि कार्यो, अन्य कार्यो हेतु श्रमिकों की आपूर्ति |
| 3. | निविदा प्रपत्र संलग्न | निविदा प्रपत्र–ब |
| 4. | अनुमानित लागत | रूपये 12.00 लाख |
| 5. | ऑन लाईन निविदा प्राप्त करने का दिनांक व समय | 26.08.2025 से 04.09.2025 सांय 4.00 बजे तक |
| 6. | ऑन लाईन निविदा की अन्तिम दिनांक व समय | 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक |
| 7. | निविदा प्रपत्र तकनीकि बिड लीफाफा नं0 1 व वित्तीय बिड लीफाफा नं0 2 कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 04.09.2025 सांय 5.00 बजें तक |
| 8. | ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 05.09.2025 अपरान्ह 11.00 बजे |
| 9. | ऑन लाईन निविदा खोलने का स्थान | कृषि विज्ञान केन्द्र,आबूसर,झुन्झनू |
| 10. | कार्य की अनुमानित अवधि | अक्टूम्बर, 2025 से सितम्बर 2026 |

निविदा फार्म शुल्क रूपये 500.00 व धरोहर राशि रूपये 24,000.00 का डी.डी. अथवा बैंकर्स चैक वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष केविके आबूसर झुन्झुनूँ के नाम पर देय होगे। ई टेन्डरिंग प्रक्रिया राशि रूपये 1000.00 का भुगतान हेतु डी.डी. Managing Director, RISL, Jaipur ( payable at Jaipur ) के नाम पर देय होगा ।

धरोहर राशि/ई टेन्डरिंग प्रक्रिया राशि निविदा फार्म के साथ कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक कार्यालय समय में जमा करवायी जा सकती हैं।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

## वर्ष 2025–26 में विभिन्न कृषि व अन्य कार्यो के लिए श्रमिकों की आपूर्ति हेतु निविदाः
## तकनीकी निविदा प्रपत्र–अ

| क्र. सं | विवरण | पंजीकरण संख्या | पंजीकरण दिनाँक एवं वर्ष | संलग्नक सं (✓) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टेण्डर फीस, टेण्डर प्रोसेसिंग फीस ,धरोहर राशी की डीडी | | | |
| 2. | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | |
| 3. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | |
| 4. | वस्तु एवं सेवा कर रजिस्ट्रेशन (GST) | | | |
| 5. | आयकर (PAN Number) | | | |
| 6. | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | |
| 7. | रूपये 100/– नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर मूल शपथ पत्र | | | |

# कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर–झुन्झुनूं
## (स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)

**वर्ष 2025–26 में विभिन्न कृषि व अन्य कार्यो के लिए श्रमिकों की आपूर्ति हेतु निविदा**
**वित्तीय निविदा प्रपत्र–'ब'**

| क्रं. सं. | कार्य की प्रकृति | कार्यलय द्वारा अनुमानित / प्रस्तावित दर | कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या | सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत दर ( नियमानुसार EPF, ESI, GST, अन्य लागू सरकारी कर यदि कोइ हो तथा सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि सहित ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अकुशल श्रमिक (कार्यालय में चपरासी, किसान घर व अतिथि गृह का रखरखाव व कार्य व्यवस्था, गोदामों की साफ सफाई, थाले बनाना, पौधों में पानी देना, लॉन काटना, शैड नैट व नर्सरी में कार्य तथा अन्य बागवानी व कृषि कार्य) | 285 / –रूपये प्रतिदिन / व्यक्ति + नियमानुसार EPF, ESI, अन्य लागू सरकारी कर यदि कोइ हो तथा सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि सहित | आवश्यकतानुसार | ...................................................<br>..............................रूपये<br>प्रतिदिन / व्यक्ति |
| 2 | कुशल श्रमिक (कार्यालय में कंप्यूटर टंकण संबंधी कार्य) | 309 / –रूपये प्रतिदिन / व्यक्ति + नियमानुसार EPF, ESI, अन्य लागू सरकारी कर यदि कोई हो तथा सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि सहित | आवश्यकतानुसार | ...................................................<br>..............................रूपये<br>प्रतिदिन / व्यक्ति |
| 3 | कुशल श्रमिक (केन्द्र फार्म पर ट्रेक्टर द्वारा जुताई व बुवाई कार्य)<br>1.डिस्क हैरो, सीड ड्रील से जुताई व बुवाई कार्य<br>2 डिस्क प्लाउ, रोटावेटर चला कर जुताई कार्य<br>3. ट्रेक्टर पावर स्परेयर से विभिन्न रसायनों का आवश्यकतानुसार छिड़काव कार्य व खेत मे पाटा लगाने का कार्य<br>4 .एम बी प्लाउ से जुताई, | 275 / –प्रति हैक्टैयर<br>450 / –प्रति हैक्टैयर<br>150 / –प्रति हैक्टैयर<br>600 / –प्रति हैक्टैयर | आवश्यकतानुसार | ..................रूपयें / हैक्टैयर<br>..................रूपयें / हैक्टैयर<br>....................रूपयें / हैक्टैयर<br>....................रूपयें / हैक्टैयर |
| 4 | कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यालय, किसान घर व अतिथि घर में शैचालय, स्नान घर व अन्य साफ सफाई कार्य | 8000 / – प्रति माह + नियमानुसार EPF, ESI, अन्य लागू सरकारी कर यदि कोइ हो तथा सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि सहित | आवश्यकतानुसार | ...................................................<br>..............................रूपये प्रति माह / व्यक्ति |

निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर मय तिथि,
पूर्ण पता एंव मोबाईल नम्बर

**कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर, झुन्झुनू**
**(स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर)**

क्रमांकः– केविके/जेजेएन/2025–26/156 दिनांक : 26.08.2025

**वर्ष 2025–26 में विभिन्न कृषि कार्यों, ट्रेक्टर चलाने का कार्य, बागवानी कार्यों व अन्य कार्यों तथा कुशल एवं अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति हेतु निविदायेः**

1. ई निविदा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू के नाम देय होनी चाहिये।
2. निविदादाता को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में http://eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर दिनांक 26.08.2025 से 04.09.2025 सांय 5.00 बजे तक डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा तथा निविदाये केविके आबूसर झुन्झुनू के कार्यालय में दिनांक 05.09.2025 को दोपहर 11.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जावेगी। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ नही होगें उनके प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेगे। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार नही होगें।
3. **ई निविदा के साथ–साथ निविदा के मूल दस्तावेज/डीडी भौतिक रूप से भी जमा करवानी हैं** जिसके लिफाफे पर कृषि व अन्य कार्यो के लिय ई निविदा तथा दिनांक 05.09.2025 लिखा होना चाहिये।
4. प्रत्येक कार्य की निविदा दर ऑनलाईन ही प्रस्तुत की जानी है।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी ।
6. धरोहर राशी निविदा कार्य कि 2 प्रतिशत होगी रूपये 24,000/- (अक्षरे रूपये चैाबीस हजार मात्र)।
7. निविदादाता निविदा शर्तो का अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करें तथा **प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता के हस्ताक्षर होने चाहिये।**
8. **इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा करवाने से पूर्व निविदादाता सुनिश्चित करलें कि निविदा प्रपत्रों से सबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा के साथ सलंग्न कर दी गई है।**
9. निविदा दरें निविदा अनुमोदन के पश्चात् अकतुम्बर 2025 से सितम्बर 2026 के लिये मान्य होगीं। आपसी सहमति से यह समयावधि अधिकतम 6 माह बढायी जा सकती है।
10. **निविदा के साथ रूपये 24,000/- (अक्षरे चैाबीस हजार मात्र) धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 500/– (अक्षरे पॉच सौ मात्र) बैक डी.डी. अथवा बैकर्स चैक के साथ जो कि वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू के नाम देय हो प्रस्तुत करें। ई टेण्डर प्रोसेसिंग फीस रूपये 1,000/- (अक्षरे एक हजार मात्र) बैक डी.डी. अथवा बैकर्स चैक के साथ जो कि मैनेजिग डायरेक्टर, आर.आइ.एस.एल. के पक्ष में व जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिये।**
11. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू के पास सुरक्षित रहेगा।
12. कार्य फार्म इन्चार्ज अथवा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनू के निर्देशानुसार पूरा करना होगा।
13. कार्य की प्रकृति एवं मांग के अनुसार श्रमिक उपलब्ध करवाने होगें जिस हेतु निविदादाता को समय समय पर अग्रिम रूप से सूचित किया जाता रहेगा।
14. निविदादाता को बताये अनुसार समय पर कार्य करवाना होगा अन्यथा कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार के विलम्ब को नुकसान माना जायेगा जो कि धरोहर राशि के बराबर अथवा कमेटी जो निर्धारित करेगी उसी के अनुसार नुकसान की भरपाई निविदादाता को करनी होगी।
15. निविदादाता के श्रमिकों द्वारा यदि फार्म कि फसलों अथवा सम्पति को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुचाया गया तो उसका हर्जाना निविदादाता को भुगतना पड़ेगा अथवा जमा धरोहर राशि या देय भुगतान में से काटा जायेगा।
16. **भुगतान केवल पूर्ण किये गये कार्य का ही किया जायेगा तथा पूर्ण माह का बिल एक साथ प्रत्येक अगले माह कि 5 तारीख से पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा ।**
17. सफल निविदादाता के अलावा सभी की धरोहर राशी निविदा अनुमोदन के पश्चात सात दिन के अन्दर लौटा दी जावेगी। धरोहर राशी पर कोई ब्याज देय नही होगा।
18. सफल निविदादाता यदि कार्य बीच में छोड़ देता है तो उसकी धरोहर राशी व करवाये गये कार्य का बकाया भुगतान जप्त करके ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया जायेगा।

19. कार्यालय द्वारा स्वीकृत दरों के अलावा किसी प्रकार का भुगतान नही किया जायेगा तथा स्त्रोत पर आयकर, सेवाकर या सरकारी देनदारी या अन्य कर देय हो तो नियमानुसार कटौति निविदादाता से की जायेगी।

20. **<u>निविदादाता श्रमिकों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर से कम भुगतान नही करेगा एंव भुगतान समय पर करेगा।</u>**

21. अनुबन्ध पर रखे श्रमिक निर्धारित समय पर कार्य हेतु उपस्थित होगें तथा कार्य सन्तोषजनक नही होने अशिष्ट व्यवहार करने पर श्रमिक को हटा दिया जायेगा एवं उसके प्रति किसी प्रकार का कोई उत्तरदायित्व उत्पन्न होता है तो उसके लिये सबंधित निविदादाता व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा व विश्वविद्यालय किसी भी रूप से उत्तरदायी नही होगा तथा इस सबंध में विश्वविद्यालय के विरूद्ध की गई सभी कार्यवाही या कानूनी कार्यवाही प्रभाव शुन्य होगी।

22. अनुबन्ध अवधि में किसी श्रमिक की दुर्घटना से मृत्यु या अन्य दुर्घटना घटित होने पर उससे उत्पन्न किसी प्रकार के विवाद की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय की किसी प्रकार की जिम्मेदारी नही होगी और न ही किसी प्रकार की क्षतिपूर्ती राशी का भुगतान किया जायेगा और न ही इस सबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन से क्षतिपूर्ती की मांग की जावेगी।

23. अनुबन्ध अवधि के दौरान लगाये जाने वाले श्रमिकों के संदर्भ में श्रम कानूनो एंव प्रावधानों की पूर्ण पालना हेतु निविदादाता उत्तरदायी होगा।

24. ट्रेक्टर चालक को केन्द्र फार्म पर समस्त प्रकार के कार्य जैसे जुताई बुवाई एंव अन्य सभी निविदा में दर्शाये गये कार्य वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष अथवा फार्म इन्चार्ज के बताये अनुसार करना होगा।

25. कार्य का समय फार्म पर आवश्यक कृषि कार्य, मौसम व परिस्थितियों के अनुसार रहेगा।

26. ट्रेक्टर चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेन्स होना चाहिये।

27. **निविदादाता को तकनीकि बिड लीफाफा नं0 1 में देनी होगी जिसमें निम्न दस्तावेज संलग्न हो तथा समस्त दस्तावेज ऑन लाईन निविदा के साथ तकनीकि बिड में अपलोड करना जरूरी है।**

| |
|---|
| 1. रूपये 100/— नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर यह शपथ पत्र देना होगा कि निविदादाता/फर्म/ऐजेन्सी किसी भी रूप में ब्लैक लिस्टेड नही है तथा गत वित्तिय वर्षो में किसी प्रकार का कोई टैक्स बकाया नही है। |
| 2. निविदादाता/फर्म /ऐजेन्सी का पैन कार्ड व जी.एस.टी. नम्बर की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि |
| 3. कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत पंजीकरण की प्रतिलिपि |
| 4. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पंजीकरण की प्रतिलिपि |
| 5. वस्तु एवं सेवा कर (GST) के अन्तर्गत पंजीकरण की प्रतिलिपि |
| 6. राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकरण की प्रतिलिपि |
| 7. निविदा के साथ अपलोड कि गई मूल टेण्डर फीस, टेण्डर प्रोसेसिंग फीस ,धरोहर राशी एवं निविदा से सबंन्धित मूल शपथ पत्र इत्यादि। |

28. निविदादाता को वित्तीय बीड ऑनलाईन ही प्रस्तुत करनी होगी।

29. किसी भी विवाद का निपटारा करने हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, केविके आबूसर झुन्झुनूँ का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा एवं निविदादाता इसके लिये बाध्य होगा।

30. निविदा के साथ अपलोड कि गई मूल टेण्डर फीस, टेण्डर प्रोसेसिंग फीस, धरोहर राशी एंव निविदा से सबंन्धित मूल शपथ पत्र इत्यादि भौतिक रूप में निर्धारित समयावधि में जमा करवाना अनिवार्य होगा।

31. **<u>विभिन्न कार्यो (क्र.सं. 1 से 4 तक) के लिये विभिन्न निविदादाताओं की दर अलग अलग होने पर सभी कार्यो (क्र.सं. 1 से 4 तक) की कुल योग दर जिस निविदादाता की सबसे कम होगी उसकी दर न्यूनतम मानते हुये उसे कार्यादेश दिया जायेगा।</u>**

32. **इस आशय का शपथ पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर सलंग्न करना होगा की सेवा प्रदाता फर्म / <u>निविदादाता ने श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अतिरिक्त EPF,ESP.सेवाकर यदि कोई हो तो, अन्य लागू सरकारी कर यदि कोई हो तो, इत्यादि जोडते हुये दरें प्रस्तुत की है तथा भविष्य में इस सबंध में कोई भी दायित्व निविदादाता का होगा एंव केविके आबूसर झुन्झुनू किसी रूप में उत्तरदायी नही होगा।</u>**

33. निविददाता को राज्य/ केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार **EPF एंव ESI** जमा करवाना होगा जिसमें नियोजि श्रमिको की मजदूरी राशि से कटौती और निविदादाता का अंशदान शामिल होगा। निविदादाता द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिको के **EPF एंव ESI** के अंशदान की राशी नियमानुसार जमा करवाये जाने की पुष्टि में सबंधित चालान की प्रति नियमानुसार जमा कराये जाने पर ही निविदादाता को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जावेगा।

34. निविदादाता को नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प रूपये 500/– पर इकरारनामा/अनुवन्ध प्रेषित करना होगा एवं निविदा स्वीकृति से 7 दिवस में शेष 3 प्रतिशत राशि (रूपये 36,000/–) बैंकर्स चैक/डीडी द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, आबूसर–झुन्झुनूं के नाम केवीके कार्यालय में जमा करवाना होगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

मैं/हम यह घोषणा करते है कि यदि मैं/हम निविदा में दर्शाई गई शर्तों एवं नियम का पालन नहीं करता/करते है तो हमारी धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाये। मैनें/हमनें निविदा की सभी शर्तों/नियमों को भलीभांति पढ़ लिया है, तथा उनसे मैं/हम पूर्णतया सहमत है।

दिनाकं ____________________

स्थान____________________

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर